(ग) यदि हां, तो प्रत्येक राज्य में उन स्थानों के नाम क्या-क्या है जहां ऐसे केन्द्रों के खोले जाने की संभावना है; और

(घ) ऐसे केन्द्र कब तक खोले जाएंगे ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) महोदय, कृषि विज्ञान केन्द्रों की राज्यवार संख्या विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिये)**

(ख) से (घ) इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। नये कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

विवरण

कृषि विज्ञान केन्द्रों की राज्यवार संख्या

क्रम संख्या	राज्य का नाम	कृषि विज्ञान केन्द्रों की कुल संख्या
1	2	3
1	उत्तर प्रदेश	8
2	असम	2
3	बिहार	8
4	गुजरात	5
5	हरियाणा	4
6	कर्नाटक	5
7	केरल	4
8	मध्य प्रदेश	5
9	महाराष्ट्र	6
10	उड़ीसा	5
11	पांडिचेरी	1
12	तमिलनाडु	6
13	उत्तर प्रदेश	15
14	राजस्थान	11
15	पंजाब	6
16	हिमाचल प्रदेश	3
17	जम्मू व कश्मीर	1
18	पश्चिम बंगाल	5
19	अरुणांचल प्रदेश	1
20	गोवा	1
21	मणिपुर	1
22	नागालैंड	1
23	सिक्किम	1
24	मेघालय	1
25	त्रिपुरा	2
26	मिजोरा	1
	कुल :	109

उत्तर प्रदेश के भूकम्प-प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत का कार्य

2509. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने उत्तर-प्रदेश सरकार को वहां हाल ही में आये भूकंप से क्षतिग्रस्त हुई पर्वतीय क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत हेतु कोई वित्तीय सहायता दी है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन) : (क) और (ख) 1-4-1990 से लागू राहत खर्च के लिए धन व्यवस्था करने की वर्तमान योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के आपदा राहत कोष के अधीन 90.0 करोड़ रुपए का एक वार्षिक आवंटन है जिसमें 67.50 करोड़ रुपए की केन्द्रीय अंश के और 22.50 करोड़ रुपए राज्य के अंश के हैं। वर्तमान वर्ष के लिए केन्द्रीय अंश की सारी धनराशि दी जा चुकी है। राज्य सरकार सड़कों सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई क्षति की सीमा के अनुसार उनकी मरम्मत के लिए आपदा राहत कोष की धनराशि में से खर्च कर सकती है।